# प्रेसीडेंट द्वारा निवेशकों को पत्र।

## विषय: फंड्स के संदर्भ में मीडिया में प्रकाशित ख़बरों पर स्पष्टीकरण

प्रिय निवेशक,

आज मैं आपको, वर्तमान में कई मीडिया चैनलों पर प्रकाशित ख़बरों से फैली हुई कुछ चिंताओं को दूर करने के लिए निजी तौर पर लिख रहा हूँ। मैं आपको क्रमशः स्पष्टीकरण देता हूँ:

### 1: ख़बर: स्कीम्स के बंद होने का मतलब है मेरा पैसा डूब गया

**हक़ीक़त:** यह बिल्कुल गलत है। हमने बाज़ार के हालात और वजहों के बारे में बताया है जिसके कारण हमें यह बेहद मुश्किल निर्णय लेना पड़ा जो केवल हमारे निवेशकों के हित की रक्षा के लिए लिया गया था। जैसे ही स्कीम्स बाज़ार की परिस्थितियों के अधीन पोर्टफोलियो का भुगतान करती हैं, कूपन पेमेंट लेती हैं और मैचुरिटी शिड्यूल करती हैं, ट्रस्टी सेबी (म्यूचुअल फंड) के 1996 के अधिनियम के तहत 41(2)(बी) के नियम का पालन करते हुए जल्द से जल्द निवेशकों को पैसा लौटाना शुरू करेंगे।

### 2: ख़बर: स्कीम्स ने जोख़िम भरे, बिना मूल्यांकन किए गए दस्तावेज़ों में निवेश किया है

**हक़ीक़त:** स्कीम्स ने क्रेडिट रेटिंग स्पेक्ट्रम में निवेश ग्रेड के दस्तावेज़ों में निवेश करने की सिलसिलेवार कार्यनीति का पालन किया था, यानी कि, AAA से होकर A रेटेड दस्तावेज़ों तक निवेश किया। इस कार्यनीति से स्कीम्स और इसके निवेशकों को हाल ही में काफी मुनाफा भी हुआ था। स्कीमें पिछले 6 महीनों के दौरान भी उल्लेखनीय कैश फ्लो देने में सक्षम थीं जो क्रेडिट बाज़ार के लिए काफ़ी उथल-पुथल का समय था। उदाहरण के लिए, स्कीमें पोर्टफोलियो के स्वामित्व से उल्लेखनीय कैश फ्लो देने में सक्षम थीं, जिनमें से ज़्यादातर कागज़ात AA और उसके नीचे की रेटिंग के थे।

### 3: ख़बर: लिक्विडिटी की समस्या का कोविड-19 महामारी से कोई संबंध नहीं है

**हक़ीक़त:** इन स्कीम्स ने क्रेडिट रेटिंग स्पेक्ट्रम में निवेश करने की सिलसिलेवार कार्यनीति का पालन किया था और कई मार्केट साइकिल में ऐसा, कई सालों से करती चली आ रही हैं। ये स्कीमें इन मार्केट साइकलों से मुनाफा कमाकर रोज़ लिक्विडिटी देती चली आई हैं। इनमें से कई स्कीमें इसी कार्यनीति पर अमल करते हुए 10 से भी ज़्यादा सालों से बाज़ार में मौजूद हैं। मौजूदा कोविड-19 महामारी ने पूरा बाज़ार अस्त-व्यस्त कर दिया खासकर उन तरह के निवेशों के लिए जिनमें इन स्कीम्स ने निवेश किया था, हालांकि कम जोख़िम लेने की इच्छा, कॉर्पोरेट बॉन्ड के लिए वॉल्यूम की कमी और अनिश्चितता बाज़ार के लिए बहुत बड़ा मुद्दा था। इन स्कीम्स की रोज़ का रिडेम्पशन ना कर पाने का कारण कोविड-19 महामारी के साथ-साथ लंबे चलने वाले लॉक-डाउन का सीधा-सीधा बाज़ार की परिस्थिति पर पड़ा असर था।

**4: ख़बर: ये स्कीमें लंबी समय अवधि के लिए निवेशक का पैसा वापस नहीं कर पाएंगी**

**हक़ीक़त:** हर/स्कीम का अपना मैचुरिटी प्रोफ़ाइल होता है और आमतौर पर, कम अवधि वाली स्कीमें निवेशकों को जल्दी पैसा लौटा पाएंगी। इन स्कीम्स को नियमित कूपन पेमेंट और मैचुरिटी पर भुगतान मिलेगा। साथ ही, स्कीमें बिना किसी मजबूरन बिक्री का सहारा लिए, पोर्टफोलियो में मौजूद एसेट के मुद्रीकरण के सारे अवसरों का पता लगाएंगी, जिससे कि यह निवेशकों के पैसे को जल्द से जल्द वापस कर सकें। इन स्कीम्स की कोशिश रहेगी कि इन मौजूद सिक्युरिटीज़ के मैच्योर होने से पहले ही पैसे वापस लौटा दिए जाए।

**5: ख़बर: हमें फ्रैंकलिन टेम्पलटन की बाकी दूसरी स्कीम्स से अपना पैसा निकाल लेना चाहिए क्योंकि ये भी बंद हो सकते हैं**

**हक़ीक़त:** एक साथ छह मुनाफ़े वाली स्कीम्स को बंद करने का फैसला काफ़ी मुश्किल भरा था और केवल निवेशकों के हित की रक्षा के लिए लिया गया था। यह ऐसी स्थिति नहीं थी जिसमें हमने खुद के होने की उम्मीद थी। हम यह भी मानते हैं कि इससे हमारे निवेशकों की लिक्विडिटी पर असर पड़ा है लेकिन हमारे यूनिट धारकों के पैसों की रक्षा के लिए यह ज़रूरी भी था।

हमारी दूसरी फिक्स्ड इनकम की स्कीमें जो परचेज(खरेदी) और रिडेम्पशन के लिए चालू हैं, मुख्य रूप से ज़्यादा लिक्विड सिक्युरिटीज़ जैसे सरकारी सिक्युरिटीज़, AAA रेटेड बॉन्ड्स या दूसरी नकदी और नकदी के समरूप में निवेश करती हैं। इन पोर्टफ़ोलियो में पैसा वापस देने के लिए नकदी उत्पन्न करने जितनी ज़रूरी क्षमता होती है। हमने पहले ही इन पोर्टफोलियो से इतना पैसा बना लिया है कि हम पैसा वापस करने के किसी भी अनुरोध को पूरा कर सकते हैं।

हमारी इक्विटी की स्कीमें वैसी ही रहेंगी और निवेश के अधिकार और फंड मैनेजमेंट की फिलॉसोफी, चेन्नई में स्थित हमारी अनुभवी और आधिकारिक टीम संभालेगी।

**6: ख़बर: फ्रैंकलिन टेम्पलटन भारत में अपना कारोबार बंद कर रही है**

**हक़ीक़त:** फ्रैंकलिन टेम्पलटन भारत में काफ़ी समय से एक सहनशील निवेशक रहा है। हमने भारत में अपने 25+ वर्ष के इतिहास में एक दीर्घकालिक कारोबार स्थापित करने पर काम किया है। इससे ये बात भी साफ़ होती है कि दुनिया भर में मौजूद हमारे कार्यबल का 33% से ज़्यादा भारत में है। जैसा हमारे ग्लोबल सीईओ, जेनी जॉनसन ने भी दावे से कहा है, कि भारत के लिए फ्रैंकलिन टेम्पलटन की कमिटमेंट अटल है। हम भरपूर कोशिश करके उन सारी जल्द ही बंद होने वाली स्कीम्स में लगे निवेशकों के पैसे वापस करने, और हमारे ब्रांड पर आपका भरोसा वापस जीतने के लिए वचनबद्ध हैं।

हमारी बनाई गई छह स्कीम्स को बंद करने का फैसला काफ़ी ज़्यादा मुश्किल भरा था, और इसलिए लिया गया क्योंकि अभी की इस मौजूदा उथल-पुथल में हमारे निवेशकों के पैसों को बचाने का केवल यही एकमात्र मुमकिन विकल्प था।

मुझे उम्मीद है कि इस नोट को पढ़कर आपको फ्रैंकलिन टेम्पलटन की स्कीम्स में, चाहे जो बंद हो गई हों या जो परचेज(खरेदी) और रिडेम्पशन के लिए फिलहाल चालू हैं, में किए गए अपने निवेश को लेकर थोड़ी राहत मिली होगी।

मैं आपके सबसे ज़रूरी और महत्वपूर्ण सवालों का जवाब पाने में मदद के लिए आपको नियमित अपडेट देने के लिए वचनबद्ध हूँ।

अगर आपको किसी और सहायता की ज़रूरत हो, तो कृपया सोमवार से शनिवार, सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक, हमारे समर्पित हेल्पलाइन नंबर 1-800-258-4255 पर या 1-800-425-4255 पर कॉल करें। साथ ही, आप हमें service@franklintempleton.com पर ई-मेल भी कर सकते हैं। हमें आपसे बात करके खुशी होगी।

धन्यवाद।

साभार,

संजय

------------------

**संजय सप्रे**

प्रेसीडेंट

**फ्रैंकलिन टेम्पलटन एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड**

---

**डिस्क्लेमर**

इस सूचना में सम्मिलित जानकारी हर महत्वपूर्ण तथ्य का पूरा ब्यौरा नहीं है और केवल सूचना देने हेतु है। इस सूचना में बयान/राय/सलाहें जिनमें "होगा", "उम्मीद", "हो सकता है", "भरोसा" और इसी तरह के भाव या ऐसे भावों को ज़ाहिर करने वाले जैसे शब्द "आगे/भावी उम्मीद है वाले बयान" हैं। असली परिणाम उन भावी उम्मीद वाले बयान से अलग हो सकते हैं, जो कि हमारी अपेक्षाओं से जुड़ी अनिश्चितताओं या जोखिमों से जुड़े हैं, लेकिन सीमित नहीं हैं, बाज़ार से जुड़े जोखिमों का, भारत और दुनिया भर की सामान्य आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों का सर्विस और / या निवेश पर असर पड़ता है। इस सूचना को जारी करने की तारीख के बाद हो सकता है सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मामलों में बदलाव हुए हों। एएमसी, ट्रस्टी, उनके सहयोगी, अधिकारी या कर्मचारी या मालिकाना कंपनियाँ इन स्कीम्स में निवेश करने पर मूल धन की वापसी या किसी भी तरह के आय का आश्वासन या गारंटी नहीं देती हैं। कृपया निवेश करने से पहले योजना की जानकारी को बिल्कुल ध्यान से पढ़ें और ज़्यादा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट http://www.franklintempletonindia.com पर जाएं।

म्यूचुअल फंड निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें।